## कार्यपत्र-21

**1. सही उत्तर के आगे ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) विराम-चिह्न का शाब्दिक अर्थ क्या है? (ii) रुकना (✓)

(ख) कोई विवरण या विशेष जानकारी देने के लिए किस विराम-चिह्न का प्रयोग होता है?

(i) विवरण चिह्न (✓)

(ग) 'भाई-बहन' में कौन-सा चिह्न लगा है? (iii) योजक चिह्न (✓)

(घ) किसी व्यक्ति के उपनाम को दर्शाने के लिए किस चिह्न का प्रयोग होता है?

(ii) इकहरा उद्धरण चिह्न (✓)

(ङ) किस वाक्य में अल्पविराम का प्रयोग हुआ है?

(iii) अंकित को पेन, पेंसिल, कॉपी और रंगों का पैकेट चाहिए।

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) अपने भावों एवं विचारों के उतार-चढ़ाव को प्रकट करने के लिए लिखते समय रुकने के स्थान पर जो विशेष चिह्न लगाए जाते हैं, वे विराम-चिह्न कहलाते हैं। जैसे– केला, आम और अंगूर ले आओ।

(ख) पूर्णविराम, अर्धविराम, अल्पविराम, प्रश्न चिह्न, विस्मयादिबोधक, निर्देशक चिह्न, योजक चिह्न, लाघव चिह्न, उद्धरण चिह्न, कोष्ठक चिह्न, त्रुटिपूरक चिह्न तथा विवरण चिह्न।

(ग) मन के हर्ष, विस्मय, शोक, घृणा, क्रोध आदि भावों को प्रकट करने के लिए प्रयुक्त शब्दों के आगे विस्मयादिबोधक का प्रयोग होता है। जैसे– वाह! कितना सुंदर घर है।

(घ) किसी वाक्य में विवरण को सांकेतिक करने तथा संवादों के पहले वाक्य के प्रवाह में आगे आने वाली संज्ञा को सांकेतिक करने के लिए प्रयुक्त चिह्न को निर्देशक चिह्न कहते हैं।

जैसे– मालिक–एक गिलास पानी लाओ।

**3. विराम-चिह्नों का उनके नाम से मिलान कीजिए।**

| | |
|---|---|
| (क) ; | (i) विवरण चिह्न |
| (ख) “ ” | (ii) त्रुटिपूरक चिह्न |
| (ग) ( ) | (iii) अर्धविराम |
| (घ) :– | (iv) उद्धरण चिह्न |
| (ङ) ‸ | (v) कोष्ठक चिह्न |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए।**

(क) गांधी जी ने कहा, “अहिंसा का पालन करो।”

(ख) वाक्य के दो अंग हैं– उद्देश्य और विधेय।

(ग) आज शाम को हम कहाँ घूमने जाएँगे?

(घ) उफ! कितनी गर्मी है।

(ङ) बच्चे मेले से खिलौने, मिठाई और पतंगें लेकर आए।

(च) बच्चे धीरे-धीरे आगे बढ़े।

**5. निम्नलिखित विराम-चिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) अर्धविराम (;) | माया मेहनत करो; परीक्षा नज़दीक है। |
| (ख) उद्धरण चिह्न (“ ”) | गांधी जी ने कहा था, “करो या मरो।” |
| (ग) निर्देशक चिह्न (–) | दीपक– अरे, उसे यहाँ बुलाओ। |
| (घ) त्रुटिपूरक चिह्न (‸) | मुझे पे‸न और कॉपी चाहिए। |